**केन्द्रीयविद्यालय,एन.डी.ए.,पुणे-23**

**अर्द्धवार्षिक परीक्षा [2018-19]**

**विषय – हिन्दी** **पूर्णांक:- 80**

**कक्षा -दसवीं** **अवधि -3घंटे**

निर्देश :* इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं-क,ख,गऔर घ |

सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है और यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए |

*सुलेख एवं शुद्धता का ध्यान दें

---

खण्ड-'क'

प्रश्न 1.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प चुनकर लिखिए -

मनुष्य अनुकरणीय प्राणी है | अतः वह आस-पास के लोगों से एवं सहचरों से कर्म सीखता है | किसी मनुष्य की प्रकृति क्या हैउसके स्वाभाविक गुण क्या हैं, उसका नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक चरित्र कैसा है, किस विषय में उसकी अभिरुचि है; इन सभी बातों का ज्ञान हमें उसकी संगति से होता है | किसी महापुरुष का कथन है कि यदि किसी को मित्र एवं सहृदय बनाना हो, तो उसके सहचरों को देखना चाहिए |अतः उसके संगी कौन हैं, मित्र कौन-कौन हैं, यही उसके अभिज्ञान की सर्वोत्कृष्ट और सुगम विधि है | गाँधी जी के व्यक्तिगत संपर्क में आकार कितने ही लोग त्यागी, उदार, देश-सेवक और सच्चरित्र बने | कोईदेशरत्न बना और कोई नेता |

सुसंगति एक ऐसा पारसमणि है, जो लोहे को भी सोना बनने की क्षमता रखती है | चन्दन के समीप रहने से आस-पास के वृक्ष भी सुगन्धित हो जाते हैं| दूध के साथ पानी भी उसी मूल्य पर बिकता है | जल की बूंद यदि गर्म तवे पर पड़े, तो वह तत्क्षण मिट जाएगी | यदि, संयोग से यही बूंद सीप के मुख में गिरे, तो वह उज्ज्वल मणि बनेगी | यही सत्संग की महत्ता है |

क) मनुष्य समाज से क्या सीखता है ? 1

ख) 'सामजिक' व'नैतिक' शब्दों में मूल शब्द व प्रत्यय का सही रूप है- 1

ग) किसी व्यक्ति के चरीत्र को जानने के लिए क्या पता लगाना ज़रूरी है ? 2

घ) अच्छी संगति को किसके समान माना गया है ? 2

ङ) जल की बूंद के सीप में गिरने से क्या परिणाम निकालता है ? 2

प्रश्न 2 .निम्नलिखितकाव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प चुनिए -

साक्षी है इतिहास हमीं पहले जागे हैं

जाग्रत सब हो रही हमारे ही आगे हैं

शत्रु हमारे कहाँ नहीं भय से भागे हैं?

कायरता से कहाँ प्राण हमने त्यागे हैं ?

हैंहमींप्रकंपित कर चुके,सुरपति तक का भी हृदय |

फिर एक बार हे विश्व तुम, गाओ भारत की विजय ||

कहाँ प्रकाशित नहीं रहा है तेज हमारा,

दलित कर चुके शत्रु सदा हम पैरों द्वारा ।

बतलाओ तुम कौन नहीं जो हमसे हारा ,

पर शरणागत हुआ कहाँ  कब हमें न प्यारा !

बस युद्ध-मात्र को छोड़कर कहाँ नहीं हैं हम सदय !

फिर एक बार हे विश्व तुम, गाओ भारत की विजय !

क) पहलेजागने से कवि का क्या तात्पर्य है ? 1

ख) भारतीयों ने किसके हृदय को कंपा दिया ? 1

ग) भारतीयों ने शत्रु के साथ क्या किया ? 1

घ) कवि के शब्दों में किसे हमने सदा प्यार किया है ? 2

ङ) भारतवासीकौन-से क्षेत्र में अपनी दयालुता का त्याग कर देते हैं ? 2

**खण्ड - ख**

प्रश्न 3.निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए - 5

क) मैंनेस्कूटर चलाते हुए बच्चे को देखा । ( मिश्र वाक्य में बदलिए )

ख) कम रोशनी में पढ़ने के कारण विद्‌यार्थी अपनी आँखें गवां बैठा । ( संयुक्त वाक्य में बदलिए )

ग) जिसने टोपी पहन राखी है, वह बाबू कहाँ गया? (सरल वाक्य में बदलिए )

घ) निहारिका मेहनत करके पास हो गई |( मिश्र वाक्यमें बदलिए )

ड़ ) रात हुई किंतु चाँद नही निकला| (वाक्य भेद लिखिए)

प्रश्न 4. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए -

(क) सोहन फुटबॉल नहीं खेलता|' [कर्मवाच्य में] 1
(ख) अमित से दौड़ा नहीं जाता|' [कर्तृवाच्य में] 1
(ग) माँ पैदल नहीं चल सकेगी । [भाव वाच्य में] 1
(घ) नीरजा पुस्तक पढ़ती हैं । [कर्मवाच्य में] 1
(ङ) बच्चों ने शोर किया |[ वाच्य के भेद ] 1

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का परिचय दीजिए - 5

क)लड़की मधुर गीत <u>गाती हैं</u>|

ख)<u>परिश्रमी</u> छात्र सदा सफल होते हैं ।

ग) <u>वह</u> पेड़ के नीचे बैठा है ।

घ) <u>वाह!</u> क्या गोल मारा है ।

ड़) राम <u>मैदान में</u> दौड़ता हैं ।

**खण्ड - ग**

प्रश्न 6-. निम्नलिखितगद्यांश के प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1+2+2=5

फादर की देह पहले कब्र के ऊपर लिटाई गई |मसीही विधि ले अंतिम संस्कार शुरू हुआ |राँची के फादरपास्कलतोयनाके द्वारा |उन्होंने हिंदी में मसीही विधि से प्रार्थना की,फिर सेंट जेवियर्सकेरेक्टरफादरपास्कल ने उनके जीवन और कर्म पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा,'फादरबुल्के धरती में जा रहे हैं |इस धरती से ऐसे रत्न और पैदा हों |डॉ.सत्यप्रकाश ने भी अपनी श्रद्धांजलि में उनके अनुकरणीय जीवन को नमन किया|फिर देह कब्र में उतार दी गई .....|मैं नहीं जनता इस संन्यासी ने कभी सोचा था या नहीं कि उसकी मृत्यु पर कोई रोएगा |लेकिन उस क्षण रोने वालों की कमी नहीं थी|(नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है |

क) फ़ादर का अंतिम संस्कार किस विधि से करवाया गया और उस की मुख्य बात क्या थी ?

ख) सेंटजेवियर्स के रेक्टरफ़ादरपास्कल ने फ़ादरबुल्के को किन शब्दों में श्रद्धांजलि अर्पित की ?

ग) फ़ादर की मृत्यु पर रोने वालों की कमी क्यों नहीं थी ?

प्रश्न 7 .निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए - 2+2+2+2 =2=10

क) "बिना विचार ,घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है |"

ख) बालगोबिन भगत प्रचलित सामाजिक मान्यताओं को नही मानते थे |पाठ के आधार पर उन प्रसंगों का उल्लेख कीजिए |

ग) लेखिका के व्यक्तितत्व पर किन -किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा ?

घ) 'नेता जी का चश्मा पाठ के आधार पर लिखिए की आप अपने इलाके के चौराहे पर किस व्यक्ति की मूर्ति स्थापित करवाना चाहेंगे और क्यों ?

ङ) फ़ादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगाती थी ?'मानवीय करुणा की दिव्य चमक'पाठ के आधार पर लिखिए |

प्रश्न 8 . निम्नलिखित काव्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2+2+1=5

1. हमारैं हरि हारिल की लकरी।
   मन क्रम बचन नंद -नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
   जागत सोवत स्वप्न दिवस - निसि, कान्ह- कान्ह जक री।
   सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।
   सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
   यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौपौं, जिनके मन चकरी ।।
   १. गोपियाँ 'हारिल की लकरी' किसे कहती है और क्यों ?
   २. गोपियाँ योग को किसके समान बताती हैं और क्यों ?
   ३. 'जिनके मन चकरी' का आशय स्पष्ट कीजिये ।

प्रश्न 9 . निम्नलिखित में सेकिन्हीं प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2+2+2+2+2 =8=10

क) 'उत्साह'कविता किस प्रकार की रचना है ?कविता में 'नवजीवन वाले' किसे और क्यों कहा गया हैं ?

ख) कवि की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है ? "अंट नहीं रही है" कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

ग) कविता के आधार पर लक्ष्मण ने वीर यौद्धा की क्या विशेषता बताई है ?

घ) गोपियाँ तन मन व्यथा क्यों सह रही है ?

ङ) साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है|इस कथन पर अपने विचार लिखिए |

प्रश्न 10. *मूर्तिकार ने नाक लगाने के लिए क्या-क्या प्रयास किए ?क्या आपकी दृष्टि से उसके द्वारा किए गए प्रयास उचितथे 'जॉर्जपंचम की नाक" पाठ के आधार पर लिखिए | 5

**अथवा**

-'साना साना हाथ जोड़ि'पाठ में प्रदूषण के कारण स्नोफॉलमें कमी का जिक्र किया गया है। प्रदूषण के और कौन-कौन से दुष्परिणाम हो सकते है? अपने विचार लिखिए।

**खण्ड - घ**

प्रश्न 11 . निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए - 10

क) प्रगति है देश की तभी, जबसाक्षर होंगे हम सभी -

*भूमिका*राष्ट्र में नागरिकों का कर्तव्य

*शैक्षिक आलेख

*साक्षरता का अभिप्राय * साक्षरता: एक वरदान * निरक्षरता एक

अभिशाप *साक्षरताअभियान* उपसंहार|

ख) खेलकूद का जीवन में महत्व-

* शरीर का विकास * मन-मस्तिष्कका विकास* मानवीयगुणों का विकास |

. ग) "महानगरीय जीवन"

-प्रस्तावना
-महानगर की विशेषता
-मध्य वर्ग का विकास
-महानगरीय जीवन के सुखद एवं दुखद पक्ष
-उपसंहार

प्रश्न12-.हिंदुस्तान दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को स्वच्छता के महत्त्व से संबंधित अपना लेख प्रकाशित करने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए | 5

अथवा

अपने कुछ नए मित्रों की विशेषताएँ अपनी माताजी को एक पत्र द्वारा लिखिए |